Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 20

**VU-14-Geog.**

No. of Printed Pages – 11 + World Map + India Map

# वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा, 2024

## VARISHTHA UPADHYAYA EXAMINATION, 2024

## भूगोल

## GEOGRAPHY

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 56

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक 19 से 20 मानचित्र कार्य से संबंधित हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।**

Question No. **19 to 20** are related to map-work carrying **2** marks each.

8) **विश्व एवं भारत के उपलब्ध कराए गए रेखा–मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।**

Attach the given outline maps of World and India with the answer-book.

**खण्ड – अ**

## SECTION - A

**1)** **नीचे दिये गये बहु विकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer booklet.

i) **''मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील संबंधो का अध्ययन है'' मानव भूगोल की यह परिभाषा किसने दी?** **[½]**

**(अ) रैटजेल** **(ब) सेंपल**

**(स) ब्लाश** **(द) ग्रिफ़िथ टेलर**

"Human geography is the study of the changing relationship between the unresting man and the unstable earth". Who gave this definition of human geography?

(A) Ratzel (B) Semple

(C) Blache (D) Griffith Taylor

ii) **प्रवास का प्रतिकर्ष कारक है –** **[½]**

**(अ) बेहतर अवसर** **(ब) स्थायित्व**

**(स) अनुकूल जलवायु** **(द) बेरोजगारी**

The push factor of migration is -

(A) Better opportunities (B) Stability

(C) Pleasant Climate (D) Unemployment

iii) **कौनसा कथन सत्य है –** **[½]**

**(अ) आखेट व भोजन संग्रह द्वितीयक क्रियाएं है**

**(ब) भूमध्यसागरीय कृषि खट्टे फलों के लिए प्रसिद्ध है**

**(स) मिश्रित कृषि में केवल पशुपालन होता है**

**(द) निर्वाह कृषि कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों में होती है**

Which statement is true -

(A) Hunting and gathering are secondary activities

(B) Mediterranean agriculture is famous for citrus fruits

(C) In mixed farming only animal husbandry takes place

(D) Subsistence Agriculture is done in low population area

iv) उपलब्ध कच्चे माल का रूप बदलकर उसे मूल्यवान बनाना कौनसी क्रिया का हिस्सा है – [½]

(अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक

(स) तृतीयक (द) चतुर्थक

Transforming available raw material into valuable products, is a part of which activity -

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

v) विश्व का सघनतम रेलतंत्र कहाँ मिलता है? [½]

(अ) यूरोप (ब) अफ्रीका

(स) आस्ट्रेलिया (द) एशिया

Where the most dense rail network is found in the world?

(A) Europe (B) Africa

(C) Australia (D) Asia

vi) भारत की पहली जनगणना कब हुई थी? [½]

(अ) 1872 (ब) 1881

(स) 1891 (द) 1861

When was the first population census in India conducted?

(A) 1872 (B) 1881

(C) 1891 (D) 1861

vii) पान्ना, पाडा, पाली, नगला इत्यादि किसके प्रकार है? [½]

(अ) पल्ली बस्तिया (ब) चावल की किस्म

(स) गुच्छित बस्तिया (द) ग्रामीण सड़के

Panna, Para, Palli, Nagla etc. are types of

(A) Hamleted Settlements (B) Crops of Rice

(C) Clustered Settlements (D) Rural Roads

viii) रबी की फसल है – [½]

(अ) चावल (ब) बाजरा

(स) कपास (द) सरसो

The rabi crop is -

(A) Rice (B) Bajra

(C) Cotton (D) Mustard

ix) वे सड़कें जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा निर्मित व अनुरक्षित किया जाता है कहलाती है – [½]

(अ) राष्ट्रीय राजमार्ग (ब) राज्य राजमार्ग

(स) जिला सड़के (द) ग्रामीण सड़के

The roads which are constructed and maintained by the central Government are called -

(A) National Highways (B) State Highways

(C) District Roads (D) Rural Roads

x) समय के दो अंतरालो के बीच एक क्षेत्र विशेष में होने वाले जनसंख्या परिवर्तन को जाना जाता है? [½]

(अ) जनसंख्या प्रवास (ब) जनसंख्या घनत्व

(स) जनसंख्या वृद्धि (द) जनसंख्या वितरण

Change of population in particular area between two points of time is known as -

(A) Population migration (B) Population Density

(C) Population growth (D) Population distribution

xi) मलेशिया व इंडोनेशिया में की जाने वाली स्थानांतरित कृषि का क्या नाम है? [½]

(अ) झूमिंग (ब) मिल्पा

(स) रोका (द) लादांग

What is the name of the shifting cultivation practised in Malaysia and Indonesia -

(A) Jhuming (B) Milpa

(C) Roca (D) Ladang

xii) वृहत झील आंतरिक जलमार्ग स्थित है – [½]

(अ) उत्तरी अमेरिका (ब) ब्राजील

(स) एशिया (द) अफ्रीका

The great lakes inland waterways is situated at -

(A) North - America (B) Brazil

(C) Asia (D) Africa

xiii) **भारतीय जनगणना में ऋणात्मक वृद्धि दर वाला दशक है –** [½]

(अ) 1901 - 1911 (ब) 1911 - 1921

(स) 1921 - 1931 (द) 1931 - 1941

The decade with negative growth rate in Indian Census is -

(A) 1901 - 1911 (B) 1911 - 1921

(C) 1921 - 1931 (D) 1931 - 1941

xiv) **अपरम्परागत ऊर्जा स्त्रोत है –** [½]

(अ) **कोयला** (ब) **पेट्रोल**

(स) **प्राकृतिक गैस** (द) **सौर ऊर्जा**

Non-conventional energy source is -

(A) Coal (B) Petrol

(C) Natural gas (D) Solar Energy

xv) **भारत के सड़क जाल का विश्व में स्थान है –** [½]

(अ) **पहला** (ब) **दूसरा**

(स) **तीसरा** (द) **चौथा**

India's road network has a place in the world -

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

xvi) **चमड़ा, लुगदी व कागज, वस्त्र तथा रसायन उद्योग प्रमुखतः कौनसे प्रदूषण के कारक है –** [½]

(अ) **जल** (ब) **वायु**

(स) **ध्वनि** (द) **भू**

Leather, pulp and paper, textile and chemical industries are factors of which pollution?

(A) Water (B) Air

(C) Noise (D) Land

**2)** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

Fill in the blanks -

i) **…………… ने नवनिश्चयवाद संकल्पना प्रस्तुत की ।** [½]

_______ introduced concept of neo-determinism.

ii) **भौतिक भूगोल …………… पर्यावरण का अध्ययन करता है ।** [½]

Physical geography studies ________ environment.

iii) **जब लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते है तो वह स्थान जहाँ से लोग गमन करते है ……… कहलाता है ।** [½]

When people move from one place to another, the place they move from is called the ________.

iv) **जनवरी** 1995 **से गेट** (GATT) **को ……….. में रूपांतरित कर दिया गया ।** [½]

The GATT was transformed into the ________ from January 1995.

v) **जल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे तरल एवं गैसीय पदार्थो के परिवहन के लिए ……… का प्रयोग किया जाता है ।** [½]

______ are used to transport liquids and gases such as water, petroleum and natural gas.

vi) **सन्** 2011 **की जनगणना के अनुसार ………… भारत का द्वितीय सघनतम जनसंख्या वाला राज्य था ।** [½]

As per 2011 census _______ was the second most densely populated state in India.

vii) **भारत में नगरों का अभ्युदय …………… काल से हुआ है ।** [½]

Towns flourished since _______ times in India.

viii) **खरीफ की फसलें ……………. मानसून के साथ बोयी जाती है ।** [½]

The Kharif season crops coincides with ________ monsoon.

ix) **धरातलीय और भौम जल का सर्वाधिक उपयोग ………… में होता है ।** [½]

______ accounts for most of the surface and groundwater utilisation.

x) **हेमेटाइट व मैग्नेटाइट ……….. के अयस्क है ।** [½]

Haematite and magnetite are ores of ________.

**3)** **अति लघुत्तरात्मक प्रश्न -**

Very Short Answer type questions -

i) **जनसंख्या प्रवास क्या है?** **[1]**

What is population migration?

ii) **द्वि–पार्श्विक व्यापार को परिभाषित कीजिए।** **[1]**

Define Bilateral trade.

iii) **मानव निर्मित नौ वाहन नहर कौनसी है जिसमें जलबंधक तंत्र मिलता है।** **[1]**

Which is the man made Navigation canal, having locks system.

iv) **सुदूर जंगलो तथा पहाड़ी ढलानों पर एकाकी झोंपड़ियों के रूप में विकसित होने वाली बस्तियों को क्या नाम दिया गया है?** **[1]**

What name is given to the settlements, that develop in remote jungles and hill slopes in the form of isolated huts.

v) **मानव विकास सूचकांक से आप क्या समझते हैं?** **[1]**

What do you understand by Human Development Index?

vi) **जल परिवहन सस्ता क्यों है?** **[1]**

Why is water transport cheaper?

vii) **एक उत्तरदायी नागरिक होने के नाते मानव–जनित भू–निम्नीकरण प्रक्रिया को कैसे रोकेंगे?** **[1]**

Being a responsible citizen, how will we stop the man-made land degradation process?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**लघुत्तरात्मक प्रश्न -**

Short Answer Type Questions -

**4)** **आर्थिक भूगोल के दो उपक्षेत्रों के नाम लिखिए।** **[¾ + ¾ = 1½]**

Write names of two sub fields of Economic geography.

**5)** **कोलखहोज़ क्या है?** **[1½]**

What is Kolkhoz?

**6)** **पशु आधारित दो उद्योगों के नाम लिखिए।** **[¾ + ¾ = 1½]**

Write two names of animal based industries.

7) भारत में बोले जाने वाले किन्हीं तीन भाषा परिवारों के नाम लिखिए। [½ + ½ + ½ = 1½]

Write names of any three language families spoken in India.

8) शुष्क भूमि कृषि किसे कहते है? [1½]

What is dry land farming?

9) जलप्रदूषण के दुष्परिणाम बताइए। [1½]

Explain the bad effects of water pollution.

10) रेल पटरी की चौड़ाई के आधार पर भारतीय रेलवे के कौन–कौन से वर्ग बनाए गए है? [1½]

Which categories of Indian Railways have been made on the basis of track width?

11) समुद्री पत्तनों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार क्यों कहते हैं? [1½]

Why are sea ports called gateways to international trade?

12) प्रवास के पीछे लोगों के क्या–क्या उद्देश्य रहते है? [1½]

What are the motives of people behind migration?

13) ''ट्रक कृषि'' पर टिप्पणी लिखिए। [1½]

Write a short note on "Truck farming".

## खण्ड – स

## SECTION - C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –

Long Answer Type Questions -

14) ग्रामीण विपणन केन्द्र की विशेषताएं लिखिए। [3]

Write characteristics of Rural marketing centres.

अथवा/OR

नगरीय बाजार केन्द्रों से क्या आशय है? संक्षिप्त में समझाइए।

What is the meaning of Urban marketing centres? Explain in brief.

**15)** आपके अनुसार भू–उपयोग को प्रभावित करने वाले अर्थव्यवस्था के तीन परिवर्तनों को समझाइए । **[1 + 1 + 1 = 3]**

According to you explain the three changes that an economy undergoes, which effect land use.

अथवा/OR

भारत में वन क्षेत्रों, गैर कृषि कार्यों तथा परती भूमि में वृद्धि के कारणों की समीक्षा कीजिए ।

Review the reasons for increase in land area under forest, non-agricultural and fallow land in India.

**16)** भारत में सौर ऊर्जा व पवन ऊर्जा का वर्णन कीजिए । **[1½ + 1½ = 3]**

Describe solar energy and wind energy in India.

अथवा/OR

भारत में खनिज की किन्हीं दो पेटियो का वर्णन कीजिए ।

Describe any two mineral belts in India.

## खण्ड – द

## SECTION - D

निबंधात्मक प्रश्न –

Essay Type Questions -

**17)** रोपण कृषि की चार फसलों के नाम लिखते हुए इस कृषि की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **[1 + 3 = 4]**

Write the names of four crops of plantation agriculture and describe three characteristics of this agriculture.

अथवा/OR

गहन निर्वाह कृषि किसे कहते है? चावल प्रधान गहन निर्वहन कृषि की तीन विशेषताएं लिखिए ।

What is intensive Subsistence Agriculture? Write three characteristics of intensive subsistence agriculture dominated by wet paddy cultivation.

**18)** नियोजन से आप क्या समझते हो? पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए तीन सुझाव दीजिए । **[1 + 3 = 4]**

What do you understand by planning? Give three suggestions for the development of Hill area.

अथवा/OR

सतत पोषणीय विकास क्या होता है? सतत पोषणीय विकास को बढावा देने के लिए तीन उपाय बताइए ।

What is sustainable development? Give three suggestions to promote sustainable development.

## <u>खण्ड – य</u>

## <u>SECTION - E</u>

**19)** **दिए गए विश्व के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित समुद्री पत्तनों को अंकित कीजिए –**

**[½ + ½ + ½ + ½ = 2]**

**(अ) मुंबई** **(ब) न्यूयार्क**

**(स) पर्थ** **(द) केप टाउन**

Mark the following sea ports on the given outline map of the world -

(A) Mumbai (B) New York

(C) Perth (D) Cape Town

**20)** **दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित तेल शोधन कारखानों को अंकित कीजिए –**

**[½ + ½ + ½ + ½ = 2]**

**(अ) कोयली** **(ब) बीना**

**(स) मंगलूरू** **(द) चेन्नई**

Mark the following oil refineries on the given outline map of India.

(A) Koyali (B) Bina

(C) Mangaluru (D) Chennai

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**VU-14-Geog.**


# वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा, 2024

## VARISHTHA UPADHYAYA EXAMINATION, 2024

## भूगोल

## GEOGRAPHY

**Outline Map of the World**



Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

VU-14-Geog.

# वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा, 2024

## VARISHTHA UPADHYAYA EXAMINATION, 2024

## भूगोल

## GEOGRAPHY

### Outline Map of India

